प्रेस प्रकाशनी **PRESS RELEASE**

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

11 फरवरी 2022

वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2022

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) देश की जनता के बीच विभिन्न विषयों पर वित्तीय शिक्षण संदेशों का प्रचार करने के लिए 2016 से प्रति वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह (एफएलडब्ल्यू) आयोजित कर रहा है।

2. वर्तमान वर्ष के एफएलडब्ल्यू के लिए चयनित विषय **"डिजिटल चुनो, सुरक्षा के साथ"** है जिसे 14 से 18 फरवरी 2022 के बीच मनाया जाएगा। यह विषय वित्तीय शिक्षण हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति 2020-2025 के कार्यनीतिक उद्देश्यों में से एक है। (क) डिजिटल लेनदेन की सुविधाएं, (ख) डिजिटल लेनदेन की सुरक्षा और (ग) ग्राहकों का संरक्षण, के बारे में जागरूकता फैलाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

3. बैंकों को सूचित किया गया है कि वे सूचना का प्रसार करें और अपने ग्राहकों तथा आम जनता के बीच जागरूकता फैलाएं। इसके अलावा, आरबीआई आम जनता के लिए आवश्यक वित्तीय जागरूकता संदेशों को प्रसारित करने हेतु फरवरी 2022 माह के दौरान मीडिया के माध्यम से एक केंद्रीकृत जनसंपर्क अभियान चलाएगा।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1705